दिनांक : 22.12.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री–स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज कुवैत के बायन पैलेस में औपचारिक स्वागत किया गया और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कुवैत के प्रधानमंत्री शेख अहमद अब्दुल्ला अल–अहमद अल–सबाह ने उनका स्वागत किया। श्री मोदी आज कुवैत के अमीर, क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री से बातचीत करेंगे।

इसके पहले प्रधानमंत्री ने कल कुवैत शहर में एक विशेष आयोजन में भारतीय जनसमूह को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि कुवैत के विकास और भारत–कुवैत संबंधों की मज़बूती में भारतवंशियों की बड़ी भूमिका रही है। प्रधानमंत्री ने कुवैत के मीना अब्दुल्ला इलाके में एक श्रमिक शिविर का दौरा किया और भारतीय श्रमिकों के साथ चर्चा की।

मुख्यमंत्री आज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज निवाड़ी और टीकमगढ़ जिले में जनकल्याण पर्व में शामिल होंगे। इन जिलों में केन–बेतवा लिंक परियोजना के तहत किसान सम्मेलन भी आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसान सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा केन–बेतवा लिंक परियोजना के भूमि–पूजन और परियोजना से होने वाले लाभ को साझा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दोनों जिलों में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि–पूजन और लोकार्पण भी किया जायेगा।

इंदौर एयरपोर्ट

केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने आज इंदौर के देवी अहिल्याबाई होल्कर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए ATC टॉवर सह तकनीकी ब्लॉक का उद्घाटन किया। इस सात मंजिला एटीसी भवन में नया फायर स्टेशन भी बनाया गया है। साथ ही यह देश का पहला जीरो वेस्ट एयरपोर्ट होगा। इन सभी सुविधाओं का आज केन्द्रीय मंत्री ने उद्घाटन किया उनके साथ सांसद शंकर लालवानी भी मौजूद रहे।

टीबी मुक्त भारत

वर्ष 2025 तक मध्यप्रदेश को पूर्ण रूप से टीबी मुक्त बनाने के लिए तेज गति से कार्य किया जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा की अध्यक्षता में कल 100 दिवसीय तीव्र टीबी उन्मूलन अभियान और टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए नई दिल्ली में बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उज्जैन से इसमें भाग लिया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में टीबी मुक्त अभियान के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिला स्तर पर जरूरी निर्देश भी जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को पूरी तरह टीबी मुक्त किया जाएगा। इस दिशा में हम लगातार कार्य कर रहे हैं। विशेष कर सघन बस्तियों और अन्य जगहों पर कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में 2 हजार से अधिक ऐसी ग्राम पंचायत हैं जो पूर्णतः टीबी मुक्त हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज उज्जैन जिले की 56 ग्राम पंचायत को भी टीबी मुक्त घोषित किया जा रहा है।

मौसम

प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट बदलने जा रहा है मौसम विभाग ने कल से ठंड के बीच बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल, इंदौर और जबलपुर संभाग में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, उज्जैन और ग्वालियर संभाग में भी पानी गिरेगा। मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, 23 दिसंबर से बारिश का दौर रहेगा। पूर्वी और पश्चिमी दोनों ही हिस्सों में कहीं–कहीं बारिश होगी। इस वजह से दिन–रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी और हो जाएगी, लेकिन सिस्टम के गुजरने के बाद सर्दी फिर से तेज हो जाएगी। प्रदेश में आज सुबह ग्वालियर, जबलपुर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, कटनी, सागर, दमोह, सीधी और सिंगरौली में कोहरा छाया रहा। भोपाल में धुंध देखने को मिल रही है।

समाचार संक्षेप में .....

- क्वालालंपुर में अंडर–19 महिला ट्वेंटी–ट्वेंटी एशिया कप क्रिकेट के फाइनल में भारत ने बंग्लादेश को 41 रन से हराकर खिताब जीत लिया है।
- नीमच मे श्री गुरू गोबिंद सिंह के 359वें प्रकाश पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए तैयारियां जोर शोर से जारी है। 06 जनवरी को मनाए जाने वाले जन्मोत्सव को लेकर सिख्ख समाज में जबरदस्त उत्साह का माहौल है।
- इंदौर में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थियों का धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया है। आयोग की सहमति के बाद, कलेक्टर आशीष सिंह सहित प्रशासन के अधिकारी शनिवार रात को प्रदर्शनकारी छात्रों के बीच पहुंचे और प्रदर्शन को समाप्त करवाया।
- शिवपुरी जिले के बैराड़ में झोपड़ी में आग लगने से तीन सदस्यों की मृत्यु हो गई। शासन की और से संबल योजना के तहत प्रकरण दर्ज कर चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

.........................